# कान्ह नदी में चलेंगे स्टीमर, खजराना से मेट्रो होगी भूमिगत

## अवैध कॉलोनियों पर कसेगा शिकंजा, शहर के विकास कार्यों की मैराथन समीक्षा बैठक

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के विकास कार्यों को लेकर एआईसीटीसीएल सभागृह में मैराथन बैठक हुई. बैठक में रामबाग से नहर भंडारा राऊ तक स्टीमर चलाने का प्रस्ताव रखा गया. वही लंबे समय से लंबित मेट्रो रेल को खजराना से रीगल चौराहा तक भूमिगत करने पर सहमति बनी है. मेट्रो को भूमिगत करने के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में हामी भरी है. शहर में अब अवैध कॉलोनी निर्माण पर शिकंजा कसने पर भी अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे ने अधिकारियों को सख्ती से कारवाई करने की बात कही है. साथ ही एसीएस ने मौजूद जनप्रतिनिधियों से पूछा कि कार्रवाई रोकने के कॉल तो नहीं आएंगे? महापौर से कहा कि पार्षद अधिकारियों पर दबाव नहीं डाले, इसकी जिम्मेदारी लेना होगी. लंबे समय बाद आज इंदौर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में शहर की मास्टर प्लान सड़कों, मेट्रो रेल को भूमिगत करने, निगम राजस्व वसूली, स्मार्ट सिटी के विकास कार्य, अमृत योजना में पानी और ड्रेनेज लाइन की समीक्षा सहित कई बिंदुओं पर विचार किया गया. इसके तहत एसीएस संजय दुबे ने कई बार अधिकारियों को कटघरे में खड़ा भी किया और जिम्मेदारी तय करने के आदेश भी दिए. एआईसीटीएसएल कार्यालय में सुबह 11.30 बजे से बैठक शुरू हुई. पहले मुद्दे खजराना से मेट्रो को भूमिगत करने पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मेट्रो भूमिगत लाइन ही डालना चाहिए. शहर की सुंदरता को खराब होने से बचाने का स्वयं मंत्री विजयवर्गीय ने विरोध किया. इसके बाद भूमिगत करने पर सहमति बन गई है. शहर में मास्टर प्लान की 5 सड़कों के बाधक, पानी की टंकियों से वितरण और नई लाइनों में काम पानी आने, एसटीपी प्लांट, कान्ह नदी में स्टीमर चलाने, प्रधानमत्री आवास योजना के फ्लैट बेचने, एमजी रोड पद मराठी संकुल के संचालन और दुकान बेचने, भंवरकुआ चौराहे पर लेफ्ट टर्न मंदिर हटाने और एमओजी लाइन के प्लॉट बेचने जैसे कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा और निर्णय करने का तय किया गया है.

### कैलाश विजयवर्गीय ने रामबाग से नहर भंडारा तक स्टीमर चलाने का रखा प्रस्ताव

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज बैठक के अंत में कान्ह नदी में रामबाग से नहर भंडारा तक स्टीमर चलाने का प्रस्ताव रखा है. उन्होंने कहा कि मेरी ऐसी इच्छा है कि हम जल यातायात को बढ़ावा दे. स्टीमर के लिए कुछ जगहों पर प्लेटफार्म बनाने होंगे. विजयवर्गीय ने कहा कि अभी तक एक नदी बनाने में ढाई से तीन हजार करोड़ रुपए खर्च हो चुके है और यह आज भी नाला ही है. स्टीमर चलाने के लिए रामबाग से लेकर नहर भंडारा में एक भी ड्रेनेज का आउट फॉल नहीं होगा, तब ही यह संभव है. विजयवर्गीय की बात का समर्थन करते हुए विधायक मधु वर्मा ने कहा कि नर्मदा गंभीर लिंक से हम राऊ का तालाब भरेंगे. वहां से फिर बिलावली में चैनल से पानी पहुंचा देंगे. बिलावली तालाब का ओवर फ्लो नहर भंडारा में मिलता है. इस तरह शहर को एक नई व्यवस्था मिलेगी.

– मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर एसीएस को बताई समस्या

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा, नगर निगम को 438 करोड़ रुपए केंद्र से मास्टर प्लान की सड़कों को लेकर मिले है. इसमें 4-5 ऐसी सड़के है, जिनको लेकर समस्या है. इसके तहत शंकरगंज जिंसी सड़क की चौड़ाई 80 फीट है. वहां 80 फीट बनाएंगे तो कई परिवारों के मकान ही नहीं बच रहे है. सुभाष मार्ग पर भी 100 फीट चौड़ी सड़क में सौ मकान हटाना पड़ेंगे. निगम वैकल्पिक मकान देने के स्थिति में नहीं है. बेहतर यह है कि हम अभी जो 60 और 80 फीट जगह मिल रही है उसको ही बना दे.

– एमजी रोड पर गौराकुंड और एक अन्य जगह के विषय में एसीएस को विजयवर्गीय ने कहा कि इनको शिफ्ट करना है. जगह नहीं है और तलघर में ये शिफ्ट नही होना चाहते है.

– बैठक में सड़क के मुद्दे पर विजयवर्गीय ने शिकायत की कि इस बार बारिश में मीडिया का कोई समूह और चैनल नही है, जिसने खराब सड़कों की खबर लगातार नहीं छापी हो। इस बार सड़को का सुधार गुणवत्ता से नहीं किया गया.



### बैठक में यह लोग रहे शामिल

बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विभागीय अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे, विधायक महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, संभागायुक्त डॉ सुदामा खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, मेट्रो रेल प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, स्मार्ट सिटी सीईओ अर्थ जैन, नागरिक प्रशासन उपसचिव दिव्यांकसिंह, मेट्रो रेल के अजय गुप्ता और आर एस राजपूत सहित निगम और आईडीए के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

### भंवरकुआ का लेफ्ट टर्न खुलवा दें : मधु वर्मा

विधायक मधु वर्मा ने कहा कि आईडीए ने भंवरकुआ फ्लाई ओवर बनाया है और यूनिवर्सिटी ने मंदिर और थाने के जगह दे दी है. थाना तो निगम ने बना दिया है. अब मंदिर शिफ्ट करना जरूरी है, ताकि लेफ्ट टर्न खोल दिया जाए. खंडवा तरफ जाने के लिए चौराहे पर लेफ्ट टर्न का काम बचा हुआ है. आईडीए नही बना रहा है तो निगम को पैसा दे दे. निगम ने थाना बनाया है.

### मेट्रो के भूमिगत होने का भार राज्य सरकार पर

आज की बैठक में खजराना से आगे रीगल चौराहा तक मेट्रो रेल भूमिगत लाइन बिछाने पर सहमति दी गई. इस भूमिगत लाइन का खर्च केंद्र सरकार से नही मिलेगा। करीब 850 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लागत राज्य सरकार को वाहन करना पड़ेगा। इतना जरूर है कि मेट्रो भूमिगत के लिए अलग से सर्वे नहीं करना होगा। बस दिल्ली मेट्रो ऑफिस को प्लान बदलने की जानकारी देना है.

### महापौर ने अवैध कॉलोनी और डाटा शिफ्ट करने के प्रस्ताव रखे

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एसीएस संजय दुबे को राज्य नगर पालिका पोर्टल से डाटा शिफ्ट करने का प्रस्ताव किया। नगर निगम के पास पीछे जाने का रास्ता नही बचा है. आप से लिखित में परमिशन लेकर निगम ने स्वयं का पोर्टल बनाया है.

एसीएस संजय दुबे ने कहा कि मैं जांच करना चाहता हूं, क्योंकि हम स्टेट के पोर्टल में उलझ गए है और स्थिति यह है कि उसको टर्मिनेट करना पड़ेगा. महापौर ने बताया कि शहर के कई वार्डो में हम लागू कर चुके है, जिसमें टैक्स आईडी एक ही रहेगी. स्टेट का पोर्टल एक भी लोक अदालत ऐसी नहीं रही, जिसमें बंद नहीं हुआ हो.

महापौर ने अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाने और कारवाई का प्रस्ताव रखा. बैठक में शहर में 650 अवैध कॉलोनी होने के साथ प्लॉट पर निर्माण पर रोक लगाने का कहा. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मधु वर्मा ने भी महापौर के प्रस्ताव का समर्थन किया. एसीएस संजय दुबे ने कहा कि अधिकारी कारवाई करे तो आप लोग कारवाई नहीं करने का फोन तो नहीं लगाओगे? पहले तय कर लें. महापौर ने कहा कि सिरपुर, पिपलिया पाला और बिलावलि तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण है और पानी भरने की समस्या हो रही है.

इस पर एसीएस दुबे ने निगम अधिकारियों से कहा कि यह तो आत्महत्या करने जैसा काम है. हम अपने जल स्त्रोत को खत्म कर रहे है. निगम के इतने झोनल अधिकारी और उपायुक्त क्या करते है ? हटाओ और तोड़ो. क्यों नही करते हो कार्रवाई.

विजयवर्गीय ने कहा कि बहुत हालात खराब है. वही महापौर ने बताया कि अवैध कॉलोनी में निगम पर सड़क, बिजली, ड्रेनेज और अन्य विकास का भार बढ़ता है.

दुबे ने निगम आयुक्त को कहा कि 651 वी कॉलोनी नहीं बने, इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए कॉलोनाइजर के पास ग्राहक और खरीददार बनकर जाओ और उसके बाद कार्रवाई करो.

## बैठक में एसीएस संजय दुबे ने कई बार दिखाए अपने तीखे तेवर...

आज समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे के शहर के कई विकास कार्यों और मुद्दों को लेकर तीखे तेवर दिखाई दिए. दुबे ने कई बार अधिकारियों की कार्य शैली, ठेकेदार कंपनियों और एमओजी लाइन के प्लॉट बेचने, स्मार्ट सिटी के काम और मराठी संकुल की दुकानों को लीज पर देने के मामले में सवालिया निशान खड़े किए. इस दौरान सड़कों की खुदाई पर तो नुकसान की आयुक्त नगर निगम और झोनल अधिकारी, उपायुक्त की जिम्मेदारी होगी, तक की चेतावनी दे दी. मराठी संकुल की 4 दुकानो को लीज पर देने की जानकारी मांगी. फिर लीज शर्तो का व्यवसाय करने वालों को ही देने का प्रावधान बताया गया. इस पर दुबे ने कहा कि कला की परिभाषा क्या है? 12 से 1500 वर्गफुट की दुकानें, जिसकी 2.5 करोड़ रुपए आंकी जा रही है. पहले ऐसे संस्कृति और कला से जुड़े लोगों को अप्रोच करो. दिव्यांक सिंह और अर्थ जैन ने भी बिकने का इश्यू बताया कि कोई भी कला वाला इतनी महंगी दुकानें नहीं खरीदने आएगा. दुबे ने सुझाव दिया कि स्थाई लीज पर देने के बजाय किराए पर दो. लीज की जगह 25 लाख रुपए एडवांस लेकर 10 साल के लिए किराए पर दे दो. उसके बाद किराए वाला आगे बढ़ाना चाहे तो ठीक नहीं तो फिर टेंडर निकल कर उस समय का प्रचलित किराया लेकर फिर दो। इससे प्रॉपर्टी भी आपको और समस्या भी नहीं होगी. मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि ज्वेलर्स ही ले सकते है, क्योंकि एमजी रोड पर ज्वेलर्स का मार्केट बढ़ता का रहा है.

स्मार्ट सिटी द्वारा एमओजी लाइन के प्लॉट बेचने और वहां का नक्शा डिस्प्ले करने पर भी एसीएस ने सवाल उठाए....

एमओजी लाइन का नक्शा प्रोजेक्टर पर देखने के बाद एसीएस संजय दुबे ने कहा कि यह तो कोई चौथी पास बच्चा भी बना सकता है. इसका डिटेल नक्शा कहां है, जिसमें पानी और ड्रेनेज लाइन किधर से जा रही है. पानी की टंकी कहां रहेगी? कितनी चौड़ी सड़क होगी. कितना क्षेत्र में ग्रीन बैल्ट होगा. कुछ भी कर रहे हो? आप लोग सुन लो स्मार्ट सिटी की दुकान बंद होने वाली है. कभी भी टेबल कुर्सी उठाना पड़ सकती है. 5.6 हैक्टेयर के प्लॉट की राशि जब्त करने की जानकारी दी गई. उन्होंने सुझाव दिया कि बड़े-बड़े प्लॉट ही क्यों बेचना है? छोटे करके बेच दो. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि प्लॉट बेचकर स्मार्ट सिटी क्षेत्र का विकास किया जायेगा. दुबे ने कहा कि ठीक है, लेकिन चौराहे और क्षेत्र में यह भी पार्ट ऑफ स्मार्ट सिटी है ना ? प्रॉपर प्लान नही बनाने को लेकर स्मार्ट सिटी अधिकारियों पर नाराजगी जताई.

– शहर में यातायात के लिए आईसीएमएस (सिग्नल) लगाने की जानकारी दी गई. बैठक में पूछा कि कितनी जगह और कंपनी किस प्रकार से लगा रही है ?

जानकारी मिलने पर एसीएस दुबे ने निगम अधिकारियों को बोला- आप लोगों को डूब मरना चाहिए कि निगम को 30 करोड़ रुपए खर्च के बाद 5 करोड़ रुपए मिलेंगे? 20 करोड़ खर्च कर दिए और 95 लाख कंपनी दे रही है।. दुबे ने कहा कि आईसीएमएस कौन चलाएगा महापौर? पूरे शहर में शिकायत है कंपनी की।

– निगम अधिकारी ने कहा अमृत 1.और 2. के सभी काम पूरे हो चुके है. तीन टंकियां का काम बाकी है और नई लाइन से पानी नही मिलने की शिकायत है. काम करने वाली एलएनटी एजेंसी है. रिपोर्ट आने पर कंप्लीटेशन सर्टिफिकेट जारी कर देंगे अभी रोक रखा है. इस पर दुबे ने पूछा कि नई लाइन से पानी नहीं मिल रहा है, कंपनी पर पेनल्टी लगाओ. पानी नहीं पहुंच पा रहा है क्यों. आप हाथ जोड़कर काम कर रहे है. अप्रिय काम बताकर कार्रवाई करने से बचते हो. अवैध कनेक्शन है तो भी काट दो वैध है तो बिल वसूलो. यदि

एलएनटी की नई लाइन से पानी नहीं आ रहा है. पुराने से पानी आ रहा है. समस्या का समाधान कौन करेगा. कंपनी से मैन लाइन जितना पैसा काटो.

– सीवरेज की एसटीपी प्लांट को जानकारी दी गई, जिसमें टेंडर होने, काम का समय दिसंबर 26 तय होने का बताया गया।

एसीएस ने फिर अधिकारियों कि कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया कि 2.2 सिवरेज कार्य आदेश आदेश जारी कब किए. 80 और 40 एमएलडी के चार प्रोजेक्ट है। एग्रीमेंट में 24 माह का समय है और तीन माह पहले टेंडर हुआ है तो 13 माह में काम पूरा कैसे होगा.

– बनी बनाई सड़कें खोदने पर और खराब होने की अधिकारियों ने जानकारी दी.

इस मामले में एसीएस दुबे नेअधिकारियो को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि मौके पर जाकर देखते हो. कहीं भी कोई सी भी लाइन डालने के लिए सड़क कटिंग करने का टेंडर प्रावधान है. जेसीबी से सड़क खोदने का नहीं है. पिछले दिनों वीडियो कांफ्रेंस में भी जानकारी दी थी. आगे से इंदौर में कोई भी सड़क खोदी गई तो उसके जिम्मेदार आयुक्त, निगम साइट इंजीनियर होंगे.

### एक नजर में

#### एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ शुरू

इंदौर. एक्सिस म्यूच्युअल फंड ने नया एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ शुरू करने की घोषणा आज की. यह एक अभिनव ओपन एंडेड योजना है. इस योजना का उद्देश्य निवेशकों को ऐसा निवेश विकल्प देना है, जो सुरक्षित हो, जहां रिटर्न का अनुमान लगाया जा सके और कर का बोझ भी कम हो. नया फंड ऑफर (एनएफओ) 28 अक्टूबर को सबस्क्रिप्शन के लिए खुलेगा और 11 नवंबर तक रहेगा. नयी निवेश योजना उन निवेशकों के लिए तैयार की गई है जो कम जोखिम उठाते हुए (कंज़र्वेटिव रिस्क प्रोफाइल) अपने कर काटने के बाद के मुनाफे को बेहतर करना चाहते हैं. बी गोपकुमार, एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ ने कहा एक्सिस म्यूचुअल फंड में, हमारा ध्यान हमेशा से ऐसे नए और निवेशक-केंद्रित समाधान देने पर रहा है जो अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ समझने में भी आसान हों.

#### एक्सिस बैंक की बच्चों के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता

इंदौर. एक्सिस बैंक ने कला, शिल्प और साहित्य पर अपनी वार्षिक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के 13वें संस्करण, स्प्लैश 2025 के शुभारंभ की घोषणा की है. एक्सिस बैंक के ब्रांड दर्शन - दिल से खुला से प्रेरित, इस वर्ष का विषय ड्रीम्स युवा दिमागों को अपनी कल्पना और रचनात्मकता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा. प्रतिभागी 31 दिसंबर तक वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं और अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं. बैंक चुनिंदा एक्सिस बैंक शाखाओं, स्कूलों और आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) में ऑन-ग्राउंड प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करेगा. 13वें संस्करण का अनावरण करते हुए, एक्सिस बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य विपणन अधिकारी अनूप मनोहर ने कहा, स्प्लैश सिर्फ़ एक प्रतियोगिता से कहीं बढ़कर है; यह एक रचनात्मक मंच है जो बच्चों के उत्साह को बढ़ाता है और उनकी कल्पनाशीलता को बढ़ावा देता है.

#### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के लिए टीकेएम की पहल

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर ज़िले के खटीमा ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. कंपनी ने तीन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, खटीमा उप-जिला अस्पताल, तथा देवरी और चकरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, में अत्याधुनिक चिकित्सा और सहायक उपकरण स्थापित किए हैं, जिससे लगभग 3 लाख लोगों को लाभ मिलेगा. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं गवर्नेंस) विक्रम गुलाटी ने कहा हमारा उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना है, ताकि हर मां को समय पर देखभाल मिले और हर बच्चे का जीवन सुरक्षित और स्वस्थ शुरुआत के साथ आगे बढ़े.

#### टीकेएम ने अक्टूबर में 42,892 गाड़ियां बेचीं

बेंगलुरू. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अक्टूबर 2025 के त्योहारी महीने के लिए अपनी बिक्री परिणामों की घोषणा की है. इसके अंतर्गत इस संख्या में 40,257 घरेलू बिक्री शामिल हैं, जबकि 2,635 गाड़ियां निर्यात बाजारों को भेजी गई. प्रवक्ता ने कहा कि हमारी वृद्धि हमारे संचालन में सहज तालमेल और ग्राहक-केंद्रियता के अटूट समर्पण का प्रमाण है. सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा कि इसके अलावा, त्योहारी सीजन के दौरान अनुकूल आर्थिक वातावरण, जो सरकार की दूरदर्शी जीएसटी सुधारों से मजबूत हुआ है, ने बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया है.

#### अमेजन .इन पर एयर प्यूरीफॉयर के ऑफर

इंदौर. ग्राहकों के लिए सेहत अब प्राथमिकता बन गई है, ऐसे में घरों और कार्यस्थलों में इनडोर एयर क्वालिटी सुधारना अब एक अहम जरूरत बन गई है. अमेजन.इन ने एयर प्यूरीफिकेशन सॉल्यूशंस को और भी आसान बना दिया है, जहां कई ब्रांड्स के विकल्प उपलब्ध हैं. अमेजन इंडिया के होम, किचन और आउटडोर्स विभाग के निदेशक केएन श्रीकांत ने कहा हम देख रहे हैं कि ग्राहक अब अपने घरों और कार्यस्थलों में सेहत को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसमें इनडोर एयर क्वालिटी एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है. इस जरूरत को पूरा करने के लिए हम हर पिनकोड तक तेज और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ कई विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं.

### महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप विजय पर विशेष आवरण का विमोचन

▶ डाक विभाग का गौरवपूर्ण क्षण को सहेजने का एक प्रतीकात्मक प्रयास




इंदौर. भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा आईसीसी वर्ल्ड कप में प्रथम बार ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में इंदौर जी.पी.ओ. में एक विशेष आवरण जारी किया गया. इस अवसर की अध्यक्षता प्रीति अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र द्वारा की गई. अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्रीमती प्रीती अग्रवाल ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जिस दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विश्व मंच पर भारत का परचम लहराया है, वह सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है. भारतीय डाक विभाग द्वारा यह विशेष आवरण जारी किया जाना हमारे राष्ट्र के इस गौरवपूर्ण क्षण को सहेजने का एक प्रतीकात्मक प्रयास है। विशेष आवरण का अनावरण करते हुए उन्होंने बताया कि यह आवरण फिलेटेलिक ब्यूरो एवं चयनित डाकघरों में उपलब्ध रहेगा, जिससे संग्राहक इस ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति को सुरक्षित रख सकेंगे. इस अवसर पर सिद्धयानी पाटनी, भुतपूर्व संयुक्त सचिव एमपीसीए, अरुंधती किरकिरे, संयुक्त सचिव एमपीसीए एवं सुधीर असनानी, सचिव एमपीसीए विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे.

#### टीम के योगदान को किया सम्मानित

इस विशेष आवरण के माध्यम से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अदम्य भावना, समर्पण और देश को गौरवान्वित करने वाले उनके योगदान को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर इंदौर डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, वरिष्ठ फिलेटेलिस्ट एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. संचालन उर्मिला सैनी ने किया. आभार मनीष रिमझा ने माना.

### आराधना सामाजिक संगठन की नई कार्यकारिणी गठित

इंदौर. कोरोना काल से निरंतर समाजसेवा में सक्रिय सामाजिक संस्था 'आराधना' के चुनाव सर्वानुमति से संपन्न हुए. नवगठित कार्यकारिणी में अनिल लोढ़ा सैलानावाला को अध्यक्ष, मोनिका कर्णावत को उपाध्यक्ष, कुमारी ऐश्वर्या जैन को महासचिव, प्रदीप जैन को सचिव तथा विशाल जैन को कोषाध्यक्ष पद पर चयनित किया गया. संगठन के संरक्षक के रूप में राजकुमार लोढ़ा (पुणे) एवं युवा संरक्षक के रूप में राजेश जैन युवा इंदौर का मनोनयन किया गया है. नवनियुक्त पदाधिकारियों को





पूर्व सांसद मेघराज जैन, संजय लोढ़ा, ललित जैन, विशाल कर्णावत, साधना भारती, प्रदीप सोलंकी, हेमंत लोढ़ा, सोनल जैन, आशा काले, डॉ. सुहास काले सहित अनेक समाजसेवियों व गणमान्यों ने शुभकामनाएँ प्रदान की हैं।



### कटारिया ज्वैलर्स के शोरूम का शुभारंभ

इंदौर. रतलाम से शुरू हुआ और मध्य भारत के सबसे बड़े आभूषण शोरूम के रूप में प्रसिद्ध कटारिया ज्वैलर्स ने कल्पतरु ग्रैंडयोर में अपने फ्लैगशिप शोरूम का उद्घाटन किया. दो दिवसीय उद्घाटन समारोह में गोल्डन सागा ब्रंच और शहर में सोने में लिपटी हुई कारों का एक अनोखा प्रदर्शन सभी के आकर्षणका केंद्र रहा.



कटारिया ज्वेलर्स का इंदौर स्थित नया शो-रूम परंपरा और आधुनिकता के सुंदर संगम का प्रतीक है. यह शो-रूम सोने, हीरे, रत्न और चांदी के आभूषणों के असाधारण संग्रह को प्रदर्शित करता है. समारोह में राजनीति, शिक्षा और समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई. इसमें सुपर 30 फेम शिक्षाविद् पद्मश्री आनंद कुमार, मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक गोलू शुक्ला तथा अन्य गणमान्य अतिथि शामिल थे. कटारिया ज्वैलर्स के संस्थापक अनोखीलाल कटारिया ने कहा इंदौर के लोगों से मिले अपार प्रेम और विश्वास ने हमें यह दूसरा शोरूम खोलने के लिए प्रेरित किया है. नए शोरूम में सोने के आभूषणों, हीरे और पोल्की ज्वैलरी, प्लेटिनम संग्रह और चांदी के विस्तृत संग्रह की एक अनूठी रेंज एक ही छत के नीचे उपलब्ध है. कटारिया ग्रुप ऑफ कंपनिज़ के निदेशक हर्ष कटारिया ने कहा कटारिया ज्वेलर्स का सदैव यह विश्वास रहा है कि आभूषण केवल सजावट का माध्यम नहीं, बल्कि विरासत, कला और भावना की अभिव्यक्ति हैं. इंदौर में हमारे फ्लैगशिप शो-रूम के शुभारंभ के साथ, हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को एक ऐसा शानदार और अनुभवात्मक लग्ज़री अनुभव प्रदान करना है जो हमारे ब्रांड की असली पहचान को दर्शाए.

### एक नजर में ▶ इंदौर के प्रथम शासक का बलिदान दिवस मनाया

## राव राजा राव नंदलाल मंडलोई की छत्रियों पर पहुंचे स्नेहीजन

▶ परिवारजनों ने बड़ा रावला पहुंचकर की गादी पूजा

इंदौर. इंदौर के प्रथम शासक एवं संस्थापक राव राजा राव नंदलाल मंडलोई के 294वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को उनके परिजनों ने मालवा की परंपरागत पगड़ी पहनकर इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के सदस्यों के साथ चम्पाबाग, दौलतगंज स्थित उनकी छत्रियों पर पुष्पांजलि समर्पित कर जूनी इंदौर बड़ा रावला के सामने स्थित चिन्ताहरण गणेश मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना भी की. इस अवसर पर सैकड़ों स्नेहीजन एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

कार्यक्रम में राव राजा राव नंदलाल मंडलोई के वंशज राव राजा श्रीकांत मंडलोई, रानी साहिबा माधवी मंडलोई, युवराज वरदराज मंडलोई एवं राजाबाई श्रिया मंडलोई जमींदार के साथ स्थापना दिवस समारोह समिति की ओर से हेमेन्द्र पाठक, राजेश पाठक, हिंदू जागरण मंच के जगदीश खत्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे, जिन्होंने राव राजा राव नंदलाल मंडलोई द्वारा शहर को पूरे देश में कारोबार जगत में स्थापित करने और शहर के विकास के लिए किए गए अनेक कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति श्रद्धा-सुमन समर्पित किए.



#### उनकी यादों को बेहतर ढंग से संरक्षित करने के लिए समिति तैयार

इस अवसर पर युवराज वरदराज मंडलोई ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि इंदौर के प्रथम शासक की यादों को चिरस्थायी और संरक्षित करने के लिए समुचित प्रयास किए जाना चाहिए. अंग्रेज शासकों ने मंडलोई परिवार के तत्कालीन इतिहास को दबाने-छिपाने का प्रयास किया, जिसके कारण उस समय लिए गए अनेक दूरदर्शी निर्णयों को इतिहास में जगह नहीं मिल पाई. अब हम इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के माध्यम से दौलतगंज एवं चम्पाबाग स्थित छत्रियों एवं अन्य पवित्र स्थलों का संरक्षण करना चाहते हैं, इसके लिए हमें सरकार से आर्थिक सहयोग भले ही न मिले, लेकिन सरकारी विभागों की अनुमतियां ही मिल जाएं तो शहर के प्रथम शासक की यादों को और अच्छे परिवेश में स्थापित किया जा सकता है.

#### 3 मार्च को होंगे विभिन्न कार्यक्रम

छत्रियों पर पुष्पांजलि के पश्चात जमींदार मंडलोई परिवार के सदस्य और स्नेहीजन बड़ा रावला पहुंचे, जहां उनकी गादी की पूजा-अर्चना की गई. इस मौके पर बड़ा रावला पर विशेष सजावट की गई थी. अनेक स्नेहीजन भी इस मौके पर मौजूद रहे. अब 3 मार्च को इंदौर स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.